HINDI EPISODE : 7 DATE : 5.8 2021

पाठ का नाम: टूटा पहिया (कविता)

निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें |

1) टूटा पहिया नामक कविता किसके द्वारा लिखित है?

उत्तर : यह कविता धर्मवीर भारती के द्वारा लिखित है |

2) टूटा पहिया कविता का प्रसंग क्या है?

उत्तर : महाभारत युद्ध में कौरवों ने चक्रव्यूह रचा था | अभिमन्यु चक्रव्यूह के अंदर घुस गया | लेकिन बाहर निकलना न जानता था| कौरव पक्ष के अनेक महा योद्धाओं ने अभिमन्यु पर घोर आक्रमण किया | अभिमन्यु अकेला था | उसके सारे शस्त्र नष्ट हो गए | अंत में अभिमन्यु ने एक टूटे रथ चक्र को लेकर युद्ध किया |

3) चक्रव्यूह की रचना किसने की ?

उत्तर : महाभारत युद्ध में कौरवों ने चक्रव्यूह रचा था |

4) चक्रवूह के अंदर घुसकर युद्ध करनेवाला वीर कौन था ?

उत्तर : अभिमन्यु |

5) निरायुध अभिमन्यु ने क्या किया?

उत्तर : एक टूटे पहिए को उठाकर युद्ध किया |

6) यहाँ चक्र का विशेषण किस प्रकार किया है?

उत्तर : टूटा हुआ पहिया

रथ का पहिया

रथ का टूटा हुआ पहिया

7) टूटा पहिया हमसे क्या प्रार्थना करता है ?

उत्तर : उसे टूटा हुआ समझकर कहीं मत फेंको |

8) टूटे पहिए के इस प्रकार कहने का कारण क्या है?

उत्तर : यहीं टूटा हुआ पहिया एक बार अभिमन्यु के काम आया था |

9) टूटा पहिया कब अभिमन्यु का काम आया था?

उत्तर : जब वह दुरूह चक्रव्यूह में पड़ा था, तब काम आया था |

10) दुरूह चक्रव्यूह क्यों कहा गया है ?

उत्तर : चक्रव्यूह के अंदर घुसना और बाहर निकलना कठिन था ।

इसलिए दुरूह चक्रव्यूह कहा गया है।

11) दुरुह चक्रव्यूह में विशेषण शब्द कौन- सा है?

उत्तर :दुरूह |

12) चक्रव्यूह का मतलब क्या है ?

उत्तर : चक्रव्यूह में पैदल सैनिकों के हाथियों और घोड़ों का विन्यास एक निश्चित क्रम में होता है।

13) अक्षौहिणी सेना माने क्या है ?

उत्तर : यह प्राचीन भारत की एक सेना है। इसे संपूर्ण चतुरंगी सेना भी कहते हैं। इसमें ,

21870 रथ

21870 हाथी

65610 घोड़े और

109350 पैदल सैनिक रहते हैं।

14) अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती देने वाला कौन है ?

उत्तर : अभिमन्यु |

15) दुस्साहसी अभिमन्यू में विशेषण शब्द कौन- सा है?

उत्तर : दुस्साहसी |

16) अभिमन्यु को दुस्साहसी क्यों कहा गया है?

उत्तर : क्योंकि उसने बडा साहस दिखाया |

17) अभिमन्यु ने ऐसा दुस्साहस क्यों दिखाया ?

उत्तर : न्याय के समर्थन के लिए |

18) टूटा पहिया क्या करना चाहता है?

उत्तर : अभिमन्यु जैसा न्याय या सत्य के पक्ष में रहनेवाला कोई व्यक्ति

संकट में पड़ जाय तो उसकी सहायता करना चाहता है।

19) कविता के प्रतीक क्या क्या है ?

उत्तर :टूटा पहिया , अभिमन्यु, चक्रव्यूह, अक्षौहिणी सेना आदि ।

20) चक्रव्यूह किसका प्रतीक है ?

उत्तर : चक्रव्यूह समस्याओं का प्रतीक है ।

21) अभिमन्यु किसका प्रतीक है ?

उत्तर :अभिमन्यु न्याय या सत्य के पक्ष में रहनेवाला है। अभिमन्यु शोषित समाज का प्रतीक है।

22) कौरव किसके प्रतीक है?

उत्तर : कौरव अन्याय और असत्य के पक्ष में रहने वाले है । यानी वे ‘ शोषक वर्ग हैं | कौरव शोषक वर्ग का प्रतीक है |

23) टूटा पहिया किसका प्रतीक है?

उत्तर : शोषकों के विरूद्ध लड़नेवाले कोई लघु या उपेक्षित मानव का प्रतीक है |

24) टूटा पहिया हमसे क्या कहता है?

उत्तर : टूटा पहिया स्वयं कहता है कि यद्यपि वह रथ का टूटा हुआ पहिया है पर उसे बेकार समझकर मत फेंको । क्योंकि एक दिन वह न्याय के पक्ष में खड़े रहने वाले का अश्रय या सहारा बन जाएगा | महाभारत युद्ध में टूटा पहिया अभिमन्यु का काम आया था । उसी प्रकार आगे भी अभिमन्यु जैसा कोई वीर , न्याय या सत्य के पक्ष में रहने वाला कोई व्यक्ति संकट में पड़ जाय , तो उसकी भी सहायता टूटा पहिया करना चाहता है |

कठिन शब्दार्थ

पहिया - ചക്രം

टूटा हुआ - പൊട്ടിയ

दुरूह - ദുരൂഹമായ

फेंकना - വലിച്ചെറിയുക

चुनौती - വെല്ലുവിളി

दुस्साहसी- അപകടകരമായ സാഹസം കാണിക്കുന്ന ആൾ

अकेला - ഒറ്റയ്ക്ക്

निहत्थी - നിരായുധനായ

आवाज़ - ശബ്ദം

लोहा लेना - പടവെട്ടുക, എതിരിടുക

कुचलना - ചവിട്ടി മെതിക്കുക

इतिहास - ചരിത്രം

सहसा - പെട്ടെന്ന്

सचाई - വാസ്തവം

आश्रय लेना - ആശ്രയിക്കുക

सच्चा - സത്യമായ,വാസ്തത്തിലുള്ള

झूठा- കള്ളമായ

अहौहिणी सेना - ചതുരംഗിണി സേന

****